**कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के लिए निर्देशित पाठ्यक्रम**

**(क) सामान्य जागरूकताः** प्रश्नों को उम्मीदवार के उसके आसपास के बारे में सामान्य जागरूकता और समाज पर इसके अनुप्रयोग की जांच के लिये तैयार किया जाता है। प्रश्नों को उसके ताज़ा घटनाक्रमों तथा रोज़मर्रा अवलोकित होने वाले मामलों की जानकारी और वैज्ञानिक पहलु में उनके अनुभव की जांच करने के लिए भी तैयार किया जाता है जैसा कि एक शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जाती है। परीक्षा में भारत और इसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्न, विशेषकर इतिहास, संस्कृति, भूगोल, भारतीय अर्थव्यवस्था, सामान्य राजनीति, भारतीय संविधान, वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े प्रश्नों को भी शामिल किया जायेगा। ये प्रश्न कुछ इस तरह के होंगे कि इनके लिए किसी विषयक्षेत्र के विशेष अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं होती।

**(ख) मात्रात्मक अभिरूचिः**

संख्या प्रणालीः संपूर्ण संख्या की गणना, दशमलव और भिन्न, संख्याओं के बीच संबंध।

मूलभूत अंकगणितीय संचालनः प्रतिशत, अनुपात और समानुपात, वर्गमूल, औसत, ब्याज (साधारण और चक्रवृद्धि), लाभ और हानि, छूट, साझेदारी व्यापार, मिश्रण और एलीगेशन, समय और दूरी, समय और कार्य।

बीजगणितः स्कूल बीजगणित और प्राथमिक करणी (सरल समस्याएं) और रेखीय समीकरणों के रेखांकन की मूल बीजगणितीय पहचान।

ज्यामितिः प्राथमिक ज्यामितीय आंकड़ों और तथ्यों से परिचितः

त्रिभुज और इसके विभिन्न प्रकार के केंद्र, त्रिभुज की सर्वांगसमता और समानता, वृत्त और इसके जीवा, स्पर्शरेखा, एक वृत्त के जीवाओं द्वारा संयोजित कोण, दो या अधिक वृत्तों की सामान्य स्पर्श रेखाएं।

मेन्स्युरेशनः त्रिभुज, चतुर्भुज, सम बहुभुज, वृत्त, समकोण प्रिज्म, समकोण वृत्ताकार शंकु, समकोण सर्कुलर सिलिंडर, गोला, गोलार्द्ध, समांतर चतुर्भुज, त्रिकोणीय या वर्गाकार आधार के साथ राइट रेगुलर पिरामिड।

त्रिकोणमितिः त्रिकोणमिति, त्रिकोणमितीय अनुपात, पूरक कोण, ऊँचाई और दूरियाँ (सरल समस्याएँ)।

सांख्यिकीय चार्टः टेबल्स और ग्राफ का उपयोगः हिस्टोग्राम, आवृत्ति बहुभुज, बार–आरेख, पाई–चार्ट।

**(ग) सामान्य बुद्धिमत्ताः** इसमें मौखिक और गैर मौखिक दोनों प्रकार के प्रश्न शामिल किए जायेंगे। परीक्षा में सिमेंटिक एनालोजी, सिम्बोलिक ऑपरेशन्स, सिम्बोलिक/नंबर एनालॉजी, ट्रैंड्स, फिगरल एनालॉजी, स्पेश ओरिएंटेशन, सिमेंटिक क्लासीफिकेशन, वेन डायग्राम्स, सिम्बोलिक/नंबर क्लासिफिकेशन, ड्राइंग इन्फेरेंसिस, फिगरल क्लासिफिकेशन, पंचड होल/ पैटर्न–फोल्डिंग और अनफोल्डिंग, सिमेंटिक सीरिज, फिगरल पैटर्न–फोल्डिंग और कम्पलीशन, संख्या श्रृंखला, एम्बेडिड आंकड़े, आंकड़ा श्रृंखला, तार्किक क्षमता, समस्या समाधान, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, शब्द निर्माण, सामाजिक बुद्धिमत्ता, कोडिंग और डी–कोडिंग से संबंधित प्रश्नों को शामिल किया जायेगा।

**(घ) अंग्रेजी भाषाः** स्पॉट द एरर, फिल इन द ब्लैंक्स, सिनोनीमस शब्द /होमोनीमस, एंटोनीमस, स्पैलिंग/डिटेक्टिंग मिस–स्पैल्ट वर्ड, इडिऑम्स एंड फ्रेजिस, वन वर्ड सबस्टीट्यूशन, इंप्रूवमेंट ऑफ संटेशेज, एक्टिव/पैसिव वॉयस ऑफ वर्वस, कन्वर्जन इन्टू डायरेक्ट/इनडायरेक्ट नरेशन, सफलिंग ऑफ संटेंश पार्ट्स, सफलिंग ऑफ संटेंशेज इन अ पैसेज, क्लोज़ पैसेज कॉम्प्रिहेंशन पैसेज।

**(ङ) कम्प्यूटर की मूलभूत बातें, एमएस एक्सल, एमएस वर्ड, कम्यूनिकेशन, इंटरनेट, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू और वेब ब्राउजर्स आदि**

इस पेपर में निम्नलिखित पर प्रश्नों को शामिल किया जायेगाः

1. एलिमेंट्स ऑफ वर्ड प्रोसेसिंग (वर्ड प्रोसेसिंग बेसिक्स, डॉक्यूमेंट्स खोलना और बंद करना, टेक्स्ट क्रिएशन, टेक्स्ट की फॉर्मेटिंग और इसकी प्रस्तुतिकरण विशेषताएं)।
2. एमएस एक्सल (एलिमेंट्स ऑफ स्प्रैड शीट, सैल्स की एडिटिंग, फंक्शन और फार्मूला)
3. कम्यूनिकेशन (ई–मेल की बेसिक्स, ई–मेल भेजना/प्राप्त करना और इसके संबद्ध संकार्य)
4. इंटरनेट, डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू और वेब ब्राजर्स (इंटरनेट, इंटरनेट पर सेवाएं, यूआरएल, एचटीटीपी, एफटीपी, वेबसाइटें, ब्लॉग्स, वेब ब्राउजिंग सॉफ्टवेयर, सर्च इंजिन्स, चैट, वीडियो कान्फ्रेंसिंग, ई–बैंकिंग) आदि।

**10. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की संभावित उत्तर कुंजी डिस्प्ले/अपलोड करना**

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के आयोजन के बाद, परीक्षा के लिए उत्तर कुंजी दिल्ली पुलिस की वेबसाइट **www.delhipolice.nic.in** पर डिस्प्ले/अपलोड की जायेगी। जो उम्मीदवार कैप्चरड रिस्पॉन्स से संतुष्ट नहीं हैं, चुनौती दिए गए प्रत्येक प्रश्न/उत्तर के समर्थन में ₹100/– शुल्क के साथ सबूत/दस्तावेजों/समाधान के साथ आवेदन/अभ्यावेदन दायर करते हुए उत्तर कुंजी की अपलोडिंग के 15 दिनों के भीतर चुनौती दे सकते हैं। अभ्यावेदन और शुल्क स्वीकार करने के लिये ऑनलाइन लिंक उपलब्ध कराया जायेगा। हालांकि चुनौतियों पर पुलिस आयुक्त, दिल्ली का निर्णय अंतिम होगा और बाद में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा। निर्धारित अवधि के बाद किसी भी स्थिति में किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**11. शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) में उपस्थित होने के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा के परिणाम की घोषणा**

प्रत्येक वर्ग अर्थात् सामान्य/अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस और भूतपूर्व सैनिक (वर्गानुसार) में विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के बीस (20) गुणा के बराबर उन उम्मीदवारों को जो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की मैरिट रेंज में आते हैं तथा न्यूनतम 40% अंक सामान्य/ईडब्ल्यूएस वर्ग में (35% अंक अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. तथा भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अंतर्गत 30% अंक) प्राप्त करते हैं, शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं के लिए बुलाया जाएगा। समान अंकों में बड़ी संख्या में उम्मीदवारों के होने पर संबंधित श्रेणी के लिये उक्त समान अंकों वाले सभी उम्मीदवारों को शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) के लिए बुलाया जायेगा। दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) सीधे कम्प्यूटर टंकण परीक्षा के लिए रिक्तियों की संख्या के 20 गुणा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण किये जायेंगे क्योंकि उन्हें शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) से छूट प्राप्त है, हालांकि यह कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में न्यूनतम 30% अंक अर्जित किए जाने के विषयाधीन होगा।

**12. शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाएं (पीईएंडएमटी)**

बिंदु 5(iv)(क) और बिंदु 5(iv)(ख) में यथा निर्धारित शारीरिक क्षमता परीक्षाओं (दौड़, लंबी कूद और ऊँची कूद) में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों को शारीरिक मापदंड परीक्षा अर्थात् ऊंचाई/सीना (पुरूष उम्मीदवार) और ऊंचाई (महिला उम्मीदवार) में उपस्थित होना होगा। जो उम्मीदवार अपने शारीरिक मापदंड से संतुष्ट नहीं होते हैं उन्हें शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षा (पीईएंडएमटी) वाले दिन ही अयोग्यता के खिलाफ एक अपील करनी होगी। बाद के चरण में किसी भी आवेदन/अपील पर विचार नहीं किया जायेगा।

**टिप्पणीः** दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) उम्मीदवारों (पुरूष/महिला) को शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं से छूट होगी।

**13. पात्रता मापदंड के लिए मूल दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की जांच**

शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) की सभी स्पर्द्धाओं में सफल घोषित किए जाने के उपरांत आयु, शिक्षा, जाति, पर्वतीय क्षेत्रों से संबंधित सभी मूल दस्तावेज/ प्रमाणपत्र, अनापत्ति प्रमाणपत्र/डिस्चार्ज प्रमाणपत्र (भूतपूर्व सैनिक के मामले में), खेल प्रमाणपत्र, विधवा/तलाकशुदा/न्यायिक रूप से अलग हुई महिला के तौर पर आयु में छूट लेने का सबूत, दिल्ली पुलिस में सेवारत विभागीय उम्मीदवारों के मामले में सेवा प्रमाणपत्र जिसमें भर्ती की तिथि का उल्लेख हो और दिल्ली पुलिस कार्मिक के बच्चे संबंधी प्रमाणपत्र और यदि पूर्व से सरकारी/अर्द्ध सरकारी संगठनों में सेवारत हैं तो अनापत्ति प्रमाणपत्र की जांच की जाएगी जबकि दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के मामले में कम्प्यूटर टंकण परीक्षा के समय उपर्युक्त दस्तावेजों की जांच की जायेगी। दस्तावेजों की अंतिम जांच नियुक्ति पत्र जारी करने के समय भी पुनः की जायेगी। उम्मीदवारों को सभी दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की स्वयं सत्यापित फोटो प्रतियां प्रस्तुत करना होगा।

**14. कम्प्यूटर टंकण परीक्षा (अधिकतम 25 अंक)**

जो उम्मीदवार शारीरिक क्षमता एवं मापदंड परीक्षाओं (पीईएंडएमटी) में अर्हता प्राप्त करेंगे, तथा दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी), जो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में अर्हता प्राप्त करेंगे, उन्हें कम्प्यूटर टंकण परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा, जिसकी अवधि 10 मिनट की होगी। अंतिम परिणाम तैयार करते समय टंकण परीक्षा के अंकों को गणना में लिया जायेगा। उम्मीदवारों को टंकण परीक्षा में प्राप्त गति के अनुरूप अंक आवंटित किए जायेंगे।

**15. कम्प्यूटर (फॉरमेटिंग) परीक्षा (अर्हक)**

जो उम्मीदवार कम्प्यूटर पर टंकण परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे उन्हें कम्प्यूटर (फॉरमेटिंग) परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा और उनकी **एमएस–वर्ड, एमएस–पावर प्वाइंट और एमएस–एक्सल** पर परीक्षा ली जाएगी जो कि अर्हक (क्वालीफाइंग) प्रकृति की होगी। उम्मीदवारों को प्रत्येक परीक्षा के लिए अलग से 10 मिनट का समय दिया जायेगा। उम्मीदवारों को उसी प्रकार फॉमेट करना होगा जैसा कि उन्हें दिए गए हैंड–आउट में है और इसे प्रिंटर पर प्रिंट करना होगा। सामान्यतः प्रयोग में आने वाले निम्नलिखित फॉरमेटिंग फीचर्स की जांच की जाएगीः–

**एमएस–वर्ड** **समयः 10 मिनट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | पैराग्राफों की इंडेंटिंग | (xi) | सुपरस्क्रिप्ट |
| (ii) | अंडरलाइन | (xii) | सबस्क्रिप्ट |
| (iii) | विभिन्न प्रकार के फॉन्ट का प्रयोग | (xiii) | पेज नम्बरिंग |
| (iv) | पैराग्राफों के नंबर देना | (xiv) | चिन्ह देना |
| (v) | लेफ्ट/राइट मार्जिन सेट करना | (xv) | टेबल को ड्रॉ/इन्सर्ट करना |
| (vi) | टेक्स्ट को बोल्ड में सेलेक्ट करना | (xvi) | बुलेट्स/नंबरिंग |
| (vii) | इटेलिक्स | (xvii) | केस चेंज करना |
| (viii) | विभिन्न प्रकार के फॉन्ट आकार का प्रयोग | (xviii) | पैराग्राफों की सेटिंग |
| (ix) | सेंटर, लेफ्ट, राइट, जस्टिफिकेशन | (xix) | कुछ टेक्स्ट हैडर के रूप में |
| (x) | पैसेज की लाइन स्पेसिंग, अर्थात सिंगल, डबल आदि | (xx) | कुछ टेक्स्ट फूटर के रूप में |

**एमएस–पावर प्वाइंट** **समयः 10 मिनट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | हैडर इन्सर्ट करना | (xi) | स्लाइड की बैकग्राउंड स्टाइल |
| (ii) | टेक्स्ट बॉक्स का प्रयोग | (xii) | स्लाइड का डिजाइन |
| (iii) | हाइपरलिंक क्रिएट करना | (xiii) | प्रिंट हैंडआउट |
| (iv) | इन्सर्ट चार्ट/ग्राफ | (xiv) | इन्सर्ट क्लिपआर्ट |
| (v) | टेबल ड्रॉ करना | (xv) | इन्सर्ट फूटर |
| (vi) | टेबल में ऑटो नंबर इन्सर्ट करना | (xvi) | स्लाइड नंबरिंग |
| (vii) | टेबल में बुलेट इन्सर्ट करना | (xvii) | इन्सर्ट पिक्चर |
| (viii) | इन्सर्ट शेप्स | (xviii) | एमएस वर्ड के साथ हैंडआउट पब्लिश करना |
| (ix) | स्मार्ट आर्ट इन्सर्ट करना | (xix) | इन्सर्ट एक्शन |
| (x) | वर्ड आर्ट के साथ टेक्स्ट इन्सर्ट करना | (xx) | टेक्स्ट की अलाइनमेंट |

**एमएस–एक्सल** **समयः 10 मिनट**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | इन्सर्ट चार्ट/ग्राफ | (xi) | रुपये के तौर पर फॉमेट सैल |
| (ii) | रैप टेक्स्ट | (xii) | इन्सर्ट क्लिपआर्ट |
| (iii) | मर्ज सैल्स | (xiii) | फॉन्ट साइज़ |
| (iv) | टेक्स्ट को सेंटर करना | (xiv) | फॉन्ट स्टाइल |
| (v) | टेक्स्ट को सेंटर अलाइन | (xv) | फॉन्ट कलर |
| (vi) | टेक्स्ट का ओरिएंटेशन | (xvi) | इन्सर्ट फूटर |
| (vii) | टेक्स्ट बोल्ड करना | (xvii) | शॉर्ट डाटा |
| (viii) | टेक्स्ट अंडरलाइन करना | (xviii) | फॉर्मूला इन्सर्ट करना |
| (ix) | इटेलिक्स | (xix) | शेप्स इन्सर्ट करना |
| (x) | हैडर इन्सर्ट करना | (xx) | संख्या और दशमलव स्थानों के तौर पर सैल फॉर्मेट करना |

फॉर्मेटिंग के प्रत्येक फीचर के लिए 1/2 अंक के साथ प्रत्येक परीक्षा में ऊपर सूचीबद्ध किए अनुसार फॉर्मेटिंग के 20 फीचर्स की जांच की जायेगी। **फॉर्मेटिंग फीचर्स के मामले में यदि उम्मीदवार नमूने के अनुसार फॉर्मेटिंग करते हैं, प्रत्येक के लिए 1/2 अंक दिए जायेंगे। अन्यथा कोई अंक नहीं दिया जायेगा।** प्रत्येक परीक्षा के लिए फार्मेटिंग फीचर्स के लिए 10 अंकों में से उम्मीदवार को अर्हता के लिए प्रत्येक परीक्षा में कम से कम 6 अंक प्राप्त करने चाहिये। एडिटिंग टूल्स के प्रयोग द्वारा गलतियां सुधारने के लिए उम्मीदवारों के लिए कोई रोक नहीं है।

**16. अंतिम परिणाम**

(i) कम्प्यूटर (फॉर्मेटिंग) परीक्षा में अर्हक (क्वालीफाइड) उम्मीदवारों की सूची में से चयनित उम्मीदवारों की सूची (विज्ञापित रिक्तियों की संख्या के अनुरूप) (वर्गानुसार) पूर्णतः कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (100 अंकों) तथा कम्प्यूटर टंकण परीक्षा (25 अंक) की मैरिट के आधार पर तैयार की जायेगी।

(ii) अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवार, जिनका चयन अन्य समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों के साथ बिना मानदंड छूट के उनकी अपनी स्वयं की मैरिट पर होता है, उन्हें अपने वर्ग की आरक्षित भाग की रिक्तियों के अंतर्गत समायोजित नहीं किया जायेगा। ऐसे अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवारों को उनकी सम्पूर्ण मैरिट सूची में स्थान के अनुसार सामान्य/अनारक्षित रिक्तियों के तहत समायोजित किया जायेगा। आरक्षित रिक्तियों को पात्र अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवारों में से भरा जायेगा जिसमें वे अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व. उम्मीदवार होंगे जो अनारक्षित श्रेणी की मैरिट सूची में अंतिम सामान्य उम्मीदवार से मैरिट में नीचे हैं परंतु छूट प्रदत्त मानदंडों से नियुक्ति के लिये अन्य प्रकार से सुयोग्य पाए जाते हैं।

(iii) ईडब्ल्यूएस से संबंधित किसी व्यक्ति को अनारक्षित श्रेणी के तहत नियुक्ति के लिये प्रतिस्पर्द्धा करने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। ईडब्ल्यूएस से संबंधित व्यक्ति जिसका चयन मैरिट के आधार पर किया जाता है और आरक्षण के तहत नहीं है, उसकी गणना आरक्षण हेतु रखे गए कोटा के तहत नहीं की जायेगी।

(iv) उम्मीदवारों को पद के लिए यथा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस तथा उनके चरित्र और पूर्ववृत्त के पुलिस सत्यापन के विषयाधीन अनंतिम तौर पर चयनित किया जाएगा।

**टिप्पणीः** सभी चयनित उम्मीदवारों के मामलों पर, जिनके विरूद्ध कोई आपराधिक मामला दर्ज/जांच लंबित/अदालत में ट्रायल लंबित है कानून के अनुसार स्थायी आदेश सं. 398/2018 के प्रावधानों के अनुरूप विचार किया जायेगा। चयनित विभागीय उम्मीदवारों के मामले, जिनके विरूद्ध कोई विभागीय जांच/प्रारंभिक जांच/आपराधिक मामला/सतर्कता जांच आदि लंबित है, उनके मामलों को अंतिम रूप से निपटारा होने तक लंबित रखा जायेगा।

SARKARIRESULT.COM